हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 17 अक्तूबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महर्षि वाल्मिकी जयंती पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि आदि कवि वाल्मिकी द्वारा रचित धार्मिक ग्रंथ रामायण भगवान राम की दिव्य गाथा के साथ मानव समाज को एक अमूल्य उपहार है। राष्ट्रपति ने लोगों से आदि कवि द्वारा दिखाये गये आदर्शों की राह पर चलने का आग्रह किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महर्षि वाल्मिकी का ज्ञान, करूणा,सत्य और धर्म का संदेश सभी के लिए है। एक सोशल मीडिया संदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि महर्षि वाल्मिकी के महान विचार करोड़ों लोगों को प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आदि कवि वाल्मिकी ने आने वाली पीढ़ियों के मार्गदर्शन के लिए महाकाव्य रामायण की रचना की। श्री मोदी ने कहा कि महर्षि वाल्मिकी ने सकारात्मक सोच पर बल दिया और सेवा तथा मानवीय सम्मान को महत्व दिया।

****

हरियाणा के पंचकूला के शालीमार मैदान में अब से कुछ ही देर बाद नायब सिंह सैनी दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। उनके साथ लगभग 13 विधायक मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। जिनमें रणबीर गंगवा, अनिल विज और श्रुति चौधरी का नाम शामिल है। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि हैं। उनके अलावा केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ,अमित शाह, नितिन गडकरी, मनोहर लाल,ललन सिंह, असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा

शर्मा, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस और राम मोहन यादव सहित बीजेपी और एनडीए के तमाम बड़े नेता भाग ले रहे हैं।

शपथ ग्रहण समारोह से पहले श्री नायब सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा:

श्री नायब सिंह ने कहा कि वे लोगों की आकांक्षाओं पर पूरा उतरने का प्रयास करेंगे और हर एक वादा पूरा किया जाएगा।

****

आज फरीदाबाद का स्थापना दिवस है। 17 अक्तूबर, 1949 को इस शहर को बसाने का काम शुरू किया गया था। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ० राजेंद्र प्रसाद तब फरीदाबाद विकास बोर्ड के अध्यक्ष बने थे। इस शहर की नींव विभाजन के बाद पाकिस्तान से उजड़ कर आए लगभग 50 हज़ार हिन्दू और सिक्ख शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए रखी गई।आज बड़खल क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक धनेश अदलखा ने उन बड़े बुजुर्गों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने इस शहर को बसाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद का विकास उन पूर्वजों की दूरदर्शिता और कठिन परिश्रम का परिणाम है। श्री अदलखा ने फरीदाबाद वासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं भी दी।

****

हरियाणा में डेंगू पैर पसार रहा है।कैथल जिले में डेंगू के 9 मरीज उपचाराधीन हैं, आज जिले के गांव नन्दकरण माजरा और कौल गांव में डेंगू के दो ओर मरीज मिलने के बाद यह संख्या बढक़र 11 हो गई है। सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुखार से पीड़ित लोगों के रक्त के नमूने लेकर जांच के लिए भिजवाए गए थे, जिनमें से दो लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है ।उधर

सिरसा जिला में डेंगू के 37 मामले सामने आए हैं। सिविल सर्जन डा. महेन्द्र भादू ने बताया कि 34 मरीज स्वस्थ हो गए हैं जबकि 3 मरीजों का नागरिक अस्पताल में उपचार चल रहा है । उन्होंने बताया कि नागरिक अस्पताल में 10 बैड का डेंगू वार्ड बनाया गया है ,इसके ईलावा गॉव के सामुदायिक केन्द्रो में भी डेंगू वार्ड बनाये गए हैं । डॉ भादू ने जिला वासियों से साफ-सफाई रखने और डेंगू के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए सावधानियां बरतने की सलाह दी है।